# कोलकाता मेट्रो के लिए बीईएमएल ने की अत्याधुनिक मेट्रो ट्रेन की आपूर्ति

****देशज विकसित एवं डिजाइन की गईं अत्याधुनिक नवोन्मेष यूनिटें****

बीईएमएल लिमिटेड, जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के अधीन की सार्वजनिक उपक्रम है और मेट्रो कारों के प्रमुख निर्माता है, ने आज कोलकाता मेट्रो रेल कार्पोरेशन (केएमआरसीएल) को छह कार मेट्रो ट्रेन का पहला सेट को सुपुर्दगी की है। बीईएमएल ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बिडिंग के विरुद्ध केएमआरसीएल पूर्व-पश्चिम मेट्रो लाइन को 84 नग मानक गैज मेट्रो कारों (14 ट्रेन) की आपूर्ति करने के लिए उक्त अनुबंध जीत लिया था। अनुबंध का कुल मूल्य लगभग 900 करोड़ रुपये हैं।

बीईएमएल बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में आज सम्पन्न समारोह में, श्री डी.के. होता, सीएमडी, बीईएमएल ने श्री ए.के. कंडु, निदेशक (आरएस & टी), केएमआरसीएल को मेट्रो कार यूनिट की सुपुर्दगी की।









बीईएमएल ही पहली ऐसी भारतीय कंपनी है, जो उन्नत संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली के साथ स्वदेशी विकसित छह कार मेट्रो ट्रेन की आपूर्ति करती है। छह कोच रैक में दो ओर ड्राइविंग मोटर कारें (डीएमसी), ऊर्जा संरक्षण के लिए एलईडी लाइटिंग और नवीनतम ट्रेन सुरक्षा/नियंत्रण प्रणालियाँ शामिल हैं। प्रत्येक रैक की वहन क्षमता 2068 यात्रियों की है और इसकी गति क्षमता अधिकतम 80 किमी प्रतिघंटे की है।

अत्याधुनिक नवोन्मेष मेट्रो ट्रेनों को बीईएमएल द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन, विकसित और निर्मित किया गया है जो वास्तव में 'भारत में डिजाइन' और 'कौशल भारत' की पहल को साकार कर रहा है।

इस अवसर पर भाषण देते हुए, श्री डी.के. होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, "बीईएमएल शहरी मेट्रो परिवहन के लिए विश्व स्तरीय मेट्रो कोच प्रदान कर रहा है। यह सड़क परिवहन की भीड़ को कम करने में मदद करता है और 'मेड इन इंडिया' पॉलिसी को प्रोत्साहन देता है। केएमआरसीएल के साथ मिलकर हम कोलकाता मेट्रो यात्रियों की सेवा करने में प्रसन्नता का अनुभव करते हैं।"

बीईएमएल ने वर्ष 2002 में उच्च तकनीक मेट्रो कारों के विनिर्माण और आपूर्ति शुरू की। तब से लेकर, बीईएमएल ने आज तक पूरे देश में दिल्ली, बेंगलूर (नम्म मेट्रो) और जयपुर जैसे विभिन्न मेट्रो रेल निगमों को 1300 से अधिक मेट्रो कोचों की आपूर्ति करके महत्वपूर्ण प्रगति की है। बीईएमएल अब देश के अंदर मेट्रो कोचों और उन्नत गाड़ियों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरने के साथ-साथ निकट भविष्य में उच्च गति ट्रेनों के निर्माण में आगे बढ़ने की उम्मीद करता है।

बेंगलूर

शनिवार, मार्च 31, 2018

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा मीडिया रिलीस